न्यायालय ए0सी0जे0एम0, खुर्जा,बुलन्दशहर।
परिवाद सं0 1198/2018
संजय गुप्ता बनाम सुनीता अग्रवाल

दिनॉक 01.08.2019

पत्रावली आदेशार्थ प्रस्तुत हुयी।

पत्रावली के परिशीलन से प्रकट है कि अभियुक्ता उड़ीसा राज्य से सम्बन्धित है। माननीय उच्चतम न्यायालय क्रिमीनल अपील सं0 875/2019 बिरला कोरपोरेशन लि0 बनाम ऐडवेंनटज इन्वेस्टमेन्ट एण्ड होडिंग्स लि0 व अन्य के मामलें में पारित आदेश दिनॉकित 09.05.19 के अनुसार ऐसे अभियुक्तगण जो कि न्यायालय के क्षेत्राधिकार के परे निवास करते है,के सम्बन्ध में कार्यवाहीं करने से पूर्व 202(1)दं0प्र0सं0 के अन्तर्गत जॉच कार्यवाही को आज्ञापक माना गया है।

क्योंकि इस मामलें में विपक्षीगण क्षेत्राधिकार के परे के निवासी है। अतः थाना खुर्जानगर के एस0एच0ओ0 को आदेशित किया जाता है कि वह स्वयं या अपने अधीनस्थ अधिकारी से मामलें की जॉच कार्यवाही अन्तर्गत धारा 202(1)दं0प्र0सं0 शीघ्रता से कराकर न्यायालय में आख्या प्रस्तुत कराया जाना सुनिश्चित करे। समस्त पैरवी परिवादी को आवश्यक रूप से करनी होगी।पत्रावली दिनॉक 11.09.19 को पेश हो।

ए0सी0जे0एम0, खुर्जा,बुलन्दशहर।